# सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में खुशबू चौधरी ने मारी बाजी

## खास बात

**महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर : प्राचार्य**

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज अमरोहा के भूगोल विभाग एवं पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर जन जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने अपने कौशल का हुनर दिखाते हुए प्रश्नोत्तरी में बाजी मारी। विजेताओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। दरअसल, शुक्रवार को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के संयोजक भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 विजय यादव रहे। जबकि असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 मुकेश सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्रतियोगिता में डॉ0 उमेश, डॉ0 तीर्थराज और डॉ0 शिवमगन सिंह ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। पांच-पांच सदस्यों वाली 5 टीमों ने इस क्विज में प्रतिभाग किया। खुशबू चौधरी, पंकज कुमार और काजल ने क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 वीर वीरेंद्र सिंह द्वारा मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य ने अपनी वाणी से ना केवल विद्यार्थियों का बल्कि शिक्षकों का भी मनोबल बढ़ाया। कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने वाले इस प्रकार के कार्यक्रमों का समय समय पर आयोजन किया जाता रहता है। इस दौरान डॉ0 राजीव प्रकाश, डॉ0 उमेश, भूगोल विभाग तथा पर्यटन विभाग के अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य प्रबुद्ध शिक्षकगण भी मौजूद रहे।



# सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्री में खुशबू ने पाया पहला स्थान




छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य वीर वीरेंद्र सिंह व अन्य अतिथि • जागरण

**जासं, अमरोहा :** जेएस हिंदू पीजी कालेज में भूगोल एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें खुशबू चौधरी ने पहला, पंकज कुमार ने द्वितीय व काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डा .उमेश, डा .तीर्थराज व डा .शिवमगन सिंह शामिल रहे। डा .विजय यादव ने कार्यक्रम संयोजक की भूमिका निभाई जबकि, डा .मुकेश सिंह ने संचालन किया। अंत में विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य डा .वीर वीरेंद्र सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

शहर 30s



अमरोहा के जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में जन कार्यक्रम में छात्रों को सम्मानित करते अतिथि।

# सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित

अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज के भूगोल एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त संयोजन में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर जन जागरुकता कार्यक्रम के तहत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.विजय यादव रहे। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डा.मुकेश सिंह ने किया।

अमर उजाला

# सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में खुशबू चौधरी ने बाजी मारी

अमरोहा। जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग एवं पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर कार्यक्रम के तहत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में खुशबू चौधरी ने पहला, पंकज कुमार ने दूसरे, काजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के संयोजक भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय यादव रहे जबकि संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुकेश सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निणार्यक डॉ. उमेश, डॉ. तीर्थराज, डॉ. शिवमंगल सिंह ने निभाई। पांच-पांच सदस्यों वाली पांच टीमों ने इस क्विज में प्रतिभाग किया। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. वीर वीरेंद्र सिंह ने मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी पर्यटन विभाग से डॉ. राजीव प्रकाश, भूगोल विभाग से डॉ. उमेश रहे। संवाद